अनूठी पहल | ईंधन और पर्यावरण बचाने के लिए नगर निगम की अनूठी पहल

# अब अधिकारी करेंगे 'पूल व्हीकल' का उपयोग



▶ एक ही गाड़ी में सवार होकर निकले तीन अधिकारी

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के देशव्यापी आह्वान से प्रेरणा लेते हुए नगर निगम ने एक और अनुकरणीय पहल की शुरुआत की है। निगम प्रशासन ने अब सरकारी कार्यों और निरीक्षणों के लिए पूल वाहन व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ईंधन की बचत करना, फिजूलखर्ची रोकना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है।

निगम की इस पहल से पेट्रोल-डीजल के खर्च का आर्थिक भार कम होगा, बल्कि सड़कों पर वाहनों की संख्या घटने से कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। यह कदम शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के सख्त और सुधारात्मक निर्देशानुसार इस पहल पर तत्काल अमल शुरू कर दिया गया है। सोमवार को शहर में एक अनूठा नजारा देखने को मिला, जब भवन अधिकारी के आवंटित वाहन में ही कार्यपालन यंत्री जी एस मरावी और कालोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे एक साथ सवार हुए। सभी अधिकारियों ने अलग-अलग गाड़ियों के बजाय एक ही गाड़ी पूल व्हीकल का उपयोग करते हुए शहर के विभिन्न वार्डों और विकास कार्यों का संयुक्त निरीक्षण किया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। पूल वाहन की इस व्यवस्था से प्रशासनिक खर्चों में भारी कटौती होगी और हम पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देंगे।



## जिज्ञासुओं के लिए तत्वबोध अध्ययन कक्षाएं आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** चिन्मय विद्या पीठ, जबलपुर के श्री राम मंदिर, मदन महल में वेदान्त पाठ्यक्रम के अंतर्गततत्वबोध की कक्षाएं प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को आयोजित की जा रही हैं। इन कक्षाओं में आध्यात्मिक शिक्षा, अध्ययन एवं जीवन में सकारात्मक विचारों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। कक्षाओं के दौरान बतायागया कि भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत मंगलाचरण से की जाती है, जो व्यक्ति के जीवन मेंसकारात्मकता एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। आदि शंकराचार्य द्वारा रचित 'तत्वबोध' ग्रंथ के माध्यम सेजिज्ञासुओं को आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम मेंयह भी समझाया गया कि प्रात:काल से रात्रि शयन तक मंगलाचरण का प्रभाव व्यक्ति के जीवन में अनुभव कियाजा सकता है। साथ ही मंगल का अर्थ भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति बताया गया, जिसे अभ्युदय तथा नि:श्रेयसकहा जाता है। संस्था द्वारा जानकारी दी गई कि 'तत्वबोध' की अगली कक्षाएं 23 एवं 24 मई को शाम 4 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होंगी। इसमें रिवीजन के पश्चात अनुबंध चतुष्टय एवं साधन चतुष्टय विषय पर विशेषचर्चा की जाएगी।



# जनहित के कार्यों में नहीं होगी लापरवाही बर्दाश्त : निगमायुक्त

▶ बैठक में राजस्व वसूली और स्वच्छता अभियान पर दिया विशेष जोर

**नवभारत,जबलपुर,।** नगर निगम के द्वारा कराए जा रहे कार्यों को गति देने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सोमवार को पांच प्रमुख विभागों की बारी-बारी से सघन समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही राजस्व वसूली पर विशेष फोकस करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने समय पर टैक्स संग्रहण और वित्तीय स्थिति मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने शहर को साफ-सुथरा और डंपिंग-मुक्त बनाने की कार्ययोजना ,व्यवस्थापन और राजस्व वृद्धि के उपाय, शहरी आजीविका मिशन के तहत हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना, निगम के अधीन आने वाले शिक्षण संस्थानों में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिये।

### जनभागीदारी से सफल होगा स्वच्छता अभियान

बैठक में स्वच्छता को लेकर निगमायुक्त का एक बेहद सकारात्मक और संवेदनशील नजरिया देखने को मिला। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता अभियान शासकीय काम नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य है। जब तक हर नागरिक इस अभियान से दिल से नहीं जुड़ेगा, तब तक हम पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। इस मौके पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने निगमायुक्त ने सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का समय सीमा के भीतर और संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए।

### एक नजर में



## 3 दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 3 दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्नेहनगर लिंक रोड पर किया गया। इस यग का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर यग स्थल पर समाप्न हुई। विश्व गीता प्रतिष्ठानम् के पूज्य रमेश कुमार पांडेय के श्रीमुख से बड़ी संख्या मे आये श्रद्धालुओ ने गीता ज्ञरन का अमृतमय श्लोको का रसपान किया। आयोजन के मुख्य यजमान निखिल-नीति शुक्ला द्वारा अपने पूर्वजो की याद में इस श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यग का भव्य ब्यासपरठ पर विराजमान साधू संतो का स्वागत देवेश-संध्या मिश्रा, विनय पटेल, आलोक ऋतु दुबे, प्रदीप जासवाल, आशीष नामदेव, आशीष रेणु दुबे ने किया।




## देश की सभ्यता, संस्कृति व इतिहास के संरक्षक का प्रतीक हैं संग्रहालय

**नवभारत, जबलपुर ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस' पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। 'महाकौशल की ऐतिहासिक विरासत और संग्रहालयीय महत्व' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 48 विद्यार्थियों के साथ डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. बलीराम अहिरवार और डॉ. महेन्द्र कुशवाहा उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने संग्रहालयों को देश की सभ्यता, संस्कृति, कला और इतिहास का संरक्षक बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को महाकौशल अंचल की समृद्ध पुरातात्त्विक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया। वहीं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने संग्रहालयों को 'अतीत और वर्तमान के मध्य संवाद का जीवंत सेतु' कहा। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय संग्रहालय में संरक्षित धरोहरें हमारी ऐतिहासिक चेतना की अमूल्य निधि हैं।



## समाज रत्न अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए विप्रजन

**नवभारत,जबलपुर।** ब्राह्मण एकता मंच, भगवान परशुराम वंशज द्वारा समाज रत्न अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूज्य श्रीमद् जगदगुरू सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य , नगर पंडित सभा के पूर्व अध्यक्ष पंडित वासुदेव शास्त्री पं. सतीश उपाध्याय पं. वीरेन्द्र चौबे, पं. सुधीर नायक, , बाह्मण एकता मंच के संयोजक पं. एड. राम दुबे, भगवान परशुराम वंशज के संयोजक एड. पं. योगेन्द्र दुबे, पं. के के दुबे ने रूस्तम अवार्ड पर सर्वप्रथम प्रकाश डाला। इसके बाद सम्मान का क्रम शुरू हुआ। इस संबंध में गीता शरद तिवारी, कानकुब्ज बाह्मण महिला मंडल अध्यक्ष आशा पाण्डे, गीता दुबे, कविता दुवे, सुमित मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन ने रिटायर्ड एड. एस. पी. राजेश तिवारी, रिटायर्ड सी. एस. पी. प्रभात शुक्ला को वीरता और शौर्य पर, रिटायर्ड सी.एस.पी. रविन्द्र गौतम को सर्वोच्च विशिष्ट विवेचना पर, रविन्द्र कुमार मिश्रा को सूचना संकलन के लिए रूस्तम एवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राम दुबे, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, एमआईसी सदस्य पार्षद डॉ. सुभाष, पार्षद अयोध्या तिवारी, पार्षद संतोष पंडा, पार्षद अतुल बाजपेयी, पार्षद सत्येन्द्र चौबे, कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष संतोष तिवारी, माध्यमिक ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रवीन्द्र गौरम, डॉ. एस.के. आरके चतुर्वेदी, पैथिल ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नीरज पाठक अनुपम शुक्ला, देव कुमार दुबे, भार्गव ब्राह्मण के सचिव दिनेश दुबे, अजय चौबे, मनीष पाठक, आनंद पाठक, अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद रहे।

# नारायणा हृदयालय मुम्बई में 6 माह के बच्चे की सफल सर्जरी

▶ मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत मिला नया जीवन

**नवभारत,जबलपुर।** 6 माह के बालक श्रेयांश सिंह काकोटिया को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का लाभ मिला है और बच्चा अब पूरी तरह से इलाज के बाद स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिला जबलपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 6 माह के बालक श्रेयांश सिंह काकोटिया पिता छोटे सिंह काकोटिया निवासी- म.नं. 137, वार्ड 14, ग्राम पिपरिया, विकासखण्ड कुण्डम, जिला जबलपुर को मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया गया है। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड कुण्डम डॉ. सोनू शर्मा के मार्गदर्शन में वार्ड 14, ग्राम पिपरिया, कुण्डम स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची आर.बी.एस.के. टीम की डॉ. वैशाली उपरे ने



पाया की 06 माह का बालक श्रेयांश सिंह काकोटिया हृदय रोग से ग्रसित है। जिसके बाद उसके इलाज की रूपरेखा तैयार की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर डॉ. अमजद खान जिला नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये बालक का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति बाद बालक को नारायणा हृदयालय मुम्बई रेफर किया गया। उक्त चिकित्सालय में बालक की सफल सर्जरी नि:शुल्क की गई और उसे नया जीवन प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को बच्चे को अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया है।

### सीएम के साथ सभी मददगारों के प्रति जताया आभार

सफल सर्जरी के बाद बालक के परिवार ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, जिला कलेक्टर जबलपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जबलपुर, नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम जबलपुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. जबलपुर, डी.ई.आई.एम. जबलपुर, नारायणा हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र की टीम तथा समस्त आर.बी.एस.के टीम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 28 को मनाई जाएगी बकरीद

**नवभारत,जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आजम मप्र मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार 18 मई मुताबिक 30 ज़िलकाद को जबलपुर में माहे ज़िलहिज्जह का चांद आम तौर पे नज़र आ गया है। लिहाजा आज 19 मई को माहे ज़िलहिज्जह की पहली तारीख रहेगी। आगामी 28 मई को ईदुज्जुहा (बकरीद) मनाई जाएगी।



## 70 बेघर श्वानों की नसबंदी और वैक्सीनेशन

▶ 'नया गांव सोसायटी की पहल

**नवभारत, जबलपुर।** नया गाँव सोसायटी के निवासियों, विशेष रूप से राजीव गौतम, डॉ. रूपलेखा चौहान, एप्पी तलवार जग्गी और साधिका श्रीवास्तव ने बेघर कुत्तों की बढ़ती संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करने के लिए नसबंदी और वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया है। इनके द्वारा अब तक लगभग 70 कुत्तों की नसबंदी और उपचार कराया जा चुका है। यह अभियान सोसायटी अध्यक्ष रजत भार्गव के सहयोग से सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। यह पहल अब नया गाँव सोसायटी से आगे बढ़कर शिला कुंज, हॉस्टल बिल्डिंग और आसपास की बस्तियों तक पहुंच चुकी है। यह अभियान समाज में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास का प्रेरणादायक उदाहरण बन रहा है।

### पहल की थी दरकार

इस पहल की आवश्यकता बेघर कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती संख्या को रोकने तथा कुत्तों और निवासियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। रेबीज जैसी बीमारियों से बचाव हेतु वैक्सीनेशन जरूरी है। उचित भोजन और देखभाल से कुत्तों में आक्रामकता कम होती है और इंसानों और जानवरों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा मिलता है।



## बीसीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

▶ 112 छात्र हुए पास

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बी.सी.ए. अंतिम वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा के अंतिम प्रश्न पत्र की परीक्षा दिनांक 16 मई को सुबह पाली में समाप्त हुई थी। बी.सी.ए. अंतिम वर्ष 2026 परीक्षा में कुल 117 परीक्षार्थी में से 112 उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम लगभग 96 प्रतिशत रहा। इस प्रकार इस सत्र में परीक्षा समाप्ति के तीसरे दिन प्रथम परीक्षा परिणाम जारी किया गया। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.के. दुबे एवं सहायक कुलसचिव श्री ज्योति खराड़ी सहित परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य में संलग्न पूरी टीम को बधाई दी है।

# अधिक क्षमता का स्थापित किया गया कैपेसिटर बैंक



▶ अब विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी अधिक गुणवत्तापूर्ण बिजली

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के टेस्टिंग टीम के इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता और संसाधनों के बेहतर उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते

220 केवी सबस्टेशन चापड़ा में पुराने 5 एमवीएआर कैपेसिटर बैंक के सिविल फाउंडेशन पर ही नया 12 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत करने का एक उल्लेखनीय कार्य किया है।एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता अनिल सक्सेना ने बताया कि इस चौथे कैपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद चापड़ा (उज्जैन)सबस्टेशन मे कैपेसिटर बैंक की क्षमता बढ़कर 48 एमवीएआर हो गई है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी एवं उपभोक्ताओं का बेहतर गुणवत्ता की बिजली प्राप्त हो सकेगी ।

### कैपेसिटर बैंक से उपभोक्ताओं को मिलता है गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रवाह

एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशन में कैपेसिटर बैंक की स्थापना बिजली प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह सिस्टम में रिएक्टिव पावर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है, जिससे पावर ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होता है तथा पावर फैक्टर एवं वोल्टेज स्तर में सुधार होता है। इसके परिणामस्वरूप विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण बनती है, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज और गुणवत्ता पूर्ण बिजली आपूर्ति के रूप में प्राप्त होता है।

प्रतियोगिता | सेम सीनियर सिटीजन क्लब की 14वीं मैंगो क्वीन प्रतियोगिता

# आम के विभिन्न व्यंजनों से महक उठा परिसर



**नवभारत,जबलपुर।** साउथ एवेन्यू मॉल में कहीं आम के कटलेट और पुडिंग की खुशबू बिखरी थी, तो कहीं आम की बर्फी, केक और आम के पत्तों से की गई आकर्षक सजावट हर किसी को अपनी ओर खींच रही थी। यह अनूठा और स्वादिष्ट दृश्य सेम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा जादूगर एस. के. निगम के संयोजन में आयोजित 14वीं मैंगो क्वीन प्रतियोगिता का था। इस अनूठी प्रतियोगिता में क्लब के 30 से अधिक सदस्यों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया और आम के कई बेहतरीन पकवान बनाकर अपनी पाक-कला का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान सीनियर सिटीजंस ने आम का अचार, पना, हलुआ, केक, कटलेट, बर्फी, अमावट, आम के लड्डू, लस्सी, पराठा और खीर जैसे कई पारंपरिक व आधुनिक व्यंजन प्रदर्शित किए। इनमें से आरती जायसवाल, अलका गर्ग और प्रभा नायडू द्वारा तैयार की गई डिशेज ने ड्राई फ्रूट्स के नए व अनोखे स्वाद से सभी को बेहद प्रभावित किया। व्यंजनों के साथ-साथ यहाँ की सजावट भी लाजवाब थी, जहाँ समन्वयक जसवीर चौपड़ा और प्रभा बच्चन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राजकुमारी रैकवार, लक्ष्मी राजपूत, उर्मिला श्रीवास्तव, अनीता अहूजा, मेहंदी दत्ता, रचना सक्सेना, सुनीता शुक्ला, सुनीता चौहान, पूनम सेठी और पुष्पा श्रीवास्तव ने आम के पत्तों से खूबसूरत डेकोरेशन कर पूरे परिसर का मन मोह लिया। इस स्वाद और कला से भरपूर प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका राजेश ३और रश्मि पाठक ने निभाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि प्रभा नायडू और पंकज विद्यार्थी के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।




## रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** विश्व हाइपरटेंशन डे के उपलक्ष्य पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में केयर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पराज पटेल ने स्वयं रक्तदान कर समाज को मानव सेवा और जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. पटेल ने कहा कि 'रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।' उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल दूसरे की जान बचती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। इस दौरान करीब 25 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। आयोजन में गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के सभी आदरणीय सदस्यों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल ने लोगों को हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक रहने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर केयर ब्लड सेंटर के डॉ अंशु होटानी, अंकित चौधरी, हेमन्त कुमार बड़गैया, सुरेंद्र पटले, अंकित साहू, आशुतोष, डॉ प्रदीप पटेल आदि उपस्थित रहे।